न्यायालय श्रीमान सत्र न्यायाधीश महोदय, औरैया

एस0टी0नं0- 71 सन- 2019

थाना- अछल्दा

राज्य बनाम जितेन्द्र कुमार + 2 अन्य

अं0धारा- 498ए,304 बी आई0पी0सी0 व 3/4 द0प्र0अधि0

शपथपत्र मिनजानिब लखपति सिंह उम्र करीब वर्ष पुत्र तुलसीराम निवासी वाईपास रोड लखना थाना बकेवर जिला इटावा।

शपाकर्ता शपथपूर्वक निम्न बयान करता है :-

1. यह कि उपरोक्त वाद का वादी है तथा हालात मुकदमा से वाकिफ है।
2. यह कि उपरोक्त वाद विचारण की कार्यवाही से क्षुब्ध होकर शपथकर्ता ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष उपरोक्त वाद का विचारण किसी अन्य जनपद से कराने हेतु माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष दण्ड अन्तरण प्रार्थनापत्र संख्या 654 सन 2022 प्रस्तुत कराया है जिसमें सफलता की पूर्ण आशा है। अन्तरण प्रार्थनापत्र की ऑनलाइन स्टेटस प्रति माननीय न्यायालय के अवलोकनार्थ प्रार्थनापत्र के साथ संलग्न है।
3. यह कि ऐसी दशा में माननीय न्यायालय द्वारा उपरोक्त वाद की विचारण कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय के अन्तरण प्रार्थनापत्र की सुनवाई दौरान स्थगित रखा जाना न्यायहित में आवश्यक है क्योंकि यदि माननीय उच्च न्यायालय के अन्तरण प्रार्थनापत्र की सुनवाई दौरान उपरोक्त वाद में कोई कार्यवाही की जायेगी तो शपथकर्ता की माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में अन्तरण प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करने की मंशा ही विफल हो जावेगी तथा शपथकर्ता की अपूर्णनीय क्षति हो जावेगी।
4. यह कि इस सम्बन्ध में मैंने एक प्रार्थनापत्र दिनांक 09.01.2023 को जरिये

243ले
2

रजिस्ट्री श्रीमान जी के समक्ष भेज दिया है।

5. यह कि मुझे अभियुक्त के रिश्तेदार जो मेरे रिश्तेदारों के भी रिश्तेदार हैं, उनके द्वारा पता चला है कि जिला जज साहब के अर्दली अनिल शर्मा व स्टेनो बृजपाल ने अभियुक्त अमित कुमार से 25,00,000/- रूपये में मुकदमा छोड़ने का सौदा कर लिया है। जिस कारण शपथकर्ता न्यायालय श्रीमान से अपने मुकदमे उपरोक्त में फैसला नहीं कराना चाहता है। शपथकर्ता को न्यायालय श्रीमान से न्याय मिलने की कतई उम्मीद नहीं है। ऐसी स्थिति में शपथकर्ता अपनी पत्रावली अन्य न्यायालय में भिजवाना चाहता है जिससे उसे न्याय मिल सके।

मैं शपथकर्ता उपरोक्त तस्दीक करता हूं कि इस शपथपत्र की धारा 1 लगायत 5 मेरे निजी ज्ञान से सच व सही हैं कोई बात असत्य नहीं है और न कोई तथ्य छिपाया गया है। ईश्वर मेरी मदद करे।

शपथकर्ता
लखपति सिंह

प्रस्तुत शपथ-पत्र श्री लखपति सिंह ने पेश किया जिसकी शिनाख्त श्री M. P. सिंह एड0 ने पेश प्रस्तुत शपथ पत्र सुनकर व समझकर तस्दीक किया कि सच व सही स्थान औरैया जिला औरैया, समय 11:24 दिनांक 12-1-23 को लिया शुल्क प्राप्त किया ह0 शपथ आयुक्त

शपथकर्ता
लखपति सिंह

12/1/2023